कक्षा 9वी त्रैमासिक परीक्षा 2024–25

विज्ञान

कुल प्रश्नो की संख्या :22 **पूर्णांक – 75**

निर्देश–

1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है ।
2. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है।
3. प्रश्न क्रमांक 6 से 17 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है ।
4. प्रश्न क्रमांक 18 से 20 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है ।
5. प्रश्न क्रमांक 21 से 23 के लिए 4 अंक है ।

01. सही विकल्प का चयन कीजिए ।

(i) पदार्थ की कितनी अवस्थाये होती है –
(a) 9 (b) 3 (c) 2 (d) 7

(ii) मोमबत्ती का जलना है –
(a) केवल भौतिक परिवर्तन (b) केवल रासायनिक परिवर्तन (c) आकार्कीय (d) कोई नही

(iii) एक कोशिका से दो या अधिक कोशिका का बनना कहलाता है–
(a) कोशिका वृद्दि (b) कोशिका विकास (c) कोशिका परिवर्तन (d) कोशिका विभाजन

(iv) विषमांगी मिश्रण है–
(a) जल में चीनी (b) चीनी तथा नमक (c) जल में नमक (d) कार्बनडाइऑक्साइड में सल्फर

(v) वेग में परिवर्तन की दर कहलाती है –
(a) वेग (b) चाल (c) त्वरण (d) गति

(vi) विभाज्य ऊतको के प्रकार है–
(a) 2 (b) 3 (c) 4 (d) 6

02. रिक्त स्थानो की पूर्ति कीजिए ।

(i) गैस का आयतन ..... होता है।
(ii) त्वरण का SI मात्रक ..... होता है।
(iii) तत्व क्रिया करके नये .....का निर्माण करते है।
(iv) समसूत्री विभाजन ..... कोशिकाओ में होता है।
(v) चाल मापने की इकाई ..... है।
(vi) फ्लोएम ऊतक पत्तियों द्वारा निर्मित ..... का परिवहन करते है।

03. सही जोडिया बनाइये ।

A	B
(i) संयोजी ऊतक	जाइलम
(ii) पत्तियों से जल का परिवहन	न्यूटन
(iii) गति का प्रथम नियम	उर्ध्वपातन
(iv) ठोस अवस्था से सीधे गैस में परिवर्तित होना	रक्त
(v) विसरण का गुण सबसे अधिक	न्यूरॉन
(vi) तंत्रिका ऊतक	गैसो में

04. एक वाक्य में उत्तर लिखिए ।

(i) ऐसा पदार्थ जो एक निश्चित संरचना में एक साथ कसकर बधे होते है जिनका आकार होता है।
(ii) वे पदार्थ जो एक से अधिक तत्वो के निश्चित अनुपात से मिलकर बने होते है कहलाते है ?
(iii) कोशिकाओ का समूह क्या कहलाता है ?
(iv) बल का SI मात्रक होता है ?
(v) गति का प्रथम समीकरण लिखिए ।
(vi) पत्तियों द्वारा सूर्य की किरणो द्वारा भोजन बनाने की क्रिया कहलाती है ?

https://www.mpboardonline.com

05. सत्य / असत्य लिखिए ।

(i) गैसीय अवस्था में कणो की गति अनियमित और तीव्र होती है।

(ii) मिश्रण में एक से अधिक पदेार्थ अनिश्चित अनुपात में मिले होते है।

(iii) कोशिका जीवन की संरचनात्मक इकाई नही है।

(iv) वेग में परिवर्तन की दर औसत वेग कहलाती है।

(v) प्रत्येक क्रिया के बराबर विपरीत प्रतिक्रिया गति का तीसरा नियम है।

(vi) वेग का SI मात्रक मी./सेकेण्ड नही है।

06. पदार्थ के कणो की दो विशेषताएं लिखिए। अथवा

ठोसो की अपेक्षा द्रवो में विसरण की दर अधिक क्यो होती है?

07. मिश्रण किसे कहते है ? अथवा

तत्व किसे कहते है ?

08. गर्मियो में मटके का जल ठंडा क्यो होता है ? अथवा

गर्मियो में किस तरह के कपडे पहनने चाहिए क्यो ?

09. मिश्रण व यौगिक में कोई दो अंतर लिखिए। अथवा

तत्व य यौगिक में कोई दो अंतर लिखिए।

10. कोलाइड विलयन के दो गुण लिखिए । अथवा

सांन्द्रता को परिभाषित कीजिए।

11. प्लाज्मा झिल्ली को वर्णात्मक पारगम्य झिल्ली क्यो कहते है? अथवा

रंध्र के दो कार्य लिखिए ।

12. एक समान गति किसे कहते है ? अथवा

त्वरण किसे कहते है इसका SI मात्रक लिखिए।

13. पेरेन काइमा तथा कोलेन काइमा में क्या अंतर है ? अथवा

लाइसोसोम को आत्मघाती थैली क्यो कहते है ?

14. जडत्व किसे कहते है ? अथवा

गति का प्रथम नियम लिखिए।

15. रक्त के दो कार्य लिखिए। अथवा

ऊतक किसे कहते है ?

16. समसूत्री विभाजन किसे कहते है ? अथवा

अरेखिक पेशी का नामांकित चित्र बनाइये।

17. गुरुत्वाकर्षण का सार्वत्रिक नियम लिखिए। अथवा

द्रव्यमान व भार में कोई दो अंतर लिखिए।

18. जाइलम तथा फ्लोइम 3 अंतर लिखिए । अथवा

प्रोकेरियोटिक तथा यूकेरियोटिक कोशिका में 3 अंतर लिखिए।

19. माइटोकॉन्ड्रिया को कोशिका का बिजली घर क्यो कहते है? अथवा

कोशिका को जीवन की संरचनात्मक एंव कार्यात्मक इकाई क्यो कहा जाता है ?

20. पादप कोशिका का नामांकित चित्र बनाइये । अथवा

जंतु कोशिका का नामांकित चित्र बनाइये ।

21. विलयन किसे कहते है ?यह कितने प्रकार के होते है समझाइये। अथवा

एक विलयन के 320 ग्राम विलायक जल में 400 ग्राम साधारण नमक विलेय है विलयन की सांद्रता का परिकलन कीजिए।

22. गति का दूसरा नियम लिखिए सिद्व कीजिए कि F = ma अथवा

एक वस्तु 16 मी. की दूरी 4 सेकेण्ड में तय करती है तथा पुनः 16 मी. की दूरी 2 सेकेण्ड में तय करती है वस्तु की औसत चाल क्या होगी ?

23. तंत्रिका ऊतक का नामांकित चित्र बनाइये । अथवा

दूरी तथा विस्थापन में 4 अंतर लिखिए ।

https://www.mpboardonline.com